दुनिया के 50 शहरों में होगी यूपी की ब्रांडिंग

लखनऊ विशेष संवाददाता। योगी सरकार यूपी को सर्वाधिक आकर्षक पर्यटक गंतव्य के तौर पर देश-दुनिया में पेश करने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में एक विस्तृत कार्ययोजना बनी है। दुनिया के प्रमुख 12 इंटरनेशनल ट्रेड फेयर्स, ट्रैवल फेयर्स व एक्सपो में उत्तर प्रदेश रोड-शो करेगा। इनमें जापान, इजरायल, चीन, अमेरिका, फ्रांस, सिंगापुर, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, इजरायल, रूस व यूएई प्रमुख हैं। वहीं, देश समेत कुल 28 राष्ट्रों के लगभग 50 शहरों में विभिन्न आयोजनों के दौरान उत्तर प्रदेश को टूरिस्ट हब के तौर पर प्रोजेक्ट करने की भी विस्तृत रूपरेखा तय कर ली गई है।

12 दुनिया के प्रमुख ट्रेड फेयर में उत्तर प्रदेश रोड शो करेगा

28 राष्ट्रों में यूपी को टूरिस्ट हब के रूप में प्रोजेक्ट किया जाएगा

यूपी की ब्रांडिंग: कार्ययोजना के अनुसार, ब्रिटेन के लंदन, मैनचेस्टर, बर्मिंघम व ग्लासगो, स्पेन के मैड्रिड, बिलबाओ, बार्सिलोना, इटली के रोम, मिलान व जर्मनी के बर्लिन, म्यूनिख, फ्रैंकफर्ट में इंटरनेशनल रोड शो होगा।

दुनिया के सभी प्रमुख टूरिस्ट हब में होगा प्रचार

प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों में आईटीबी एशिया (सिंगापुर), आईएफटीएम टॉप आरईएसए पेरिस (फ्रांस), जेएटीए टोक्यो (जापान), डब्लयूटीएम लंदन (ब्रिटेन), यूएसटीओए अमेरिका, एफआईटीयूआर मैड्रिड (स्पेन), एआईएमई मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया), आईएमटीएम तेल अवीव (इजरायल), एमआईटीटी (रूस), एटीएम दुबई (यूएई) शामिल हैं।